प्रेषक,

सूर्य प्रकाश मिश्र,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 28 जुलाई, 2025

विषय:- जिला कारागार, रामपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शब्बू पुत्र श्री बाबू खां, निवासी जनपद-मुरादाबाद की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक (मु0), कारागार के पत्र संख्या-3840/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-21.01.2025), दिनांक-29.01.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, रामपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शब्बू पुत्र श्री बाबू खां जो पठानों वाली मिलक, थाना-भगतपुर, जनपद-मुरादाबाद का निवासी है। पिता को गाली दिये जाने की रंजिश को लेकर दिनांक 14.11.1997 को बन्दी द्वारा अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तबल व पिस्टल से गोली मारकर इकबाल हुसैन नामक व्यक्ति की हत्या कारित की गयी है। उक्त अपराध हेतु सिद्धदोष बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या- 197/1998 व 199/1998 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 452 एवं 25ए एक्ट में मा० न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०-03, मुरादाबाद के आदेश दिनांक 23.07.2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 12.04.2019 द्वारा बंदी की अपील निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास को यथावत रखा गया। मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 22.07.2020 द्वारा आजीवन कारावास को यथावत रखा गया है।

3- जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, रामपुर द्वारा शासनादेश संख्या 1558/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बंदी द्वारा गम्भीर अपराध कारित किया गया था, गम्भीर अपराध कारित करने के उपरान्त भी यदि बंदी को रिहा किया जाता है तो समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने, पुनः अपराध किये जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किये जाने, जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने की आख्या का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी द्वारा पिता को गाली दिये जाने की रंजिश को लेकर दिनांक 14.11.1997 को अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तबल व पिस्टल से गोली मारकर इकबाल हुसैन नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी शब्बू पुत्र श्री बाबू खां को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ जिला कारागार, रामपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शब्बू (बन्दी संख्या-242/19) पुत्र श्री बाबू खां, निवासी जनपद- मुरादाबाद के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

संख्या- 890/2025/451(1)/22-2-2025 एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- जिला मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद
4- अधीक्षक, जिला कारागार, रामपुर।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 890/2025/451/22-2-2025-17(1219)/2022

दिनांक: 28 जुलाई, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

जिला कारागार, रामपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शब्बू पुत्र श्री बाबू खां जो पठानों वाली मिलक, थाना-भगतपुर, जनपद-मुरादाबाद का निवासी है। पिता को गाली दिये जाने की रंजिश को लेकर दिनांक 14.11.1997 को बन्दी द्वारा अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तबल व पिस्टल से गोली मारकर इकबाल हुसैन नामक व्यक्ति की हत्या कारित की गयी है। उक्त अपराध हेतु सिद्धदोष बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या- 197/1998 व 199/1998 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 452 एवं 25ए एक्ट में मा० न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०-03, मुरादाबाद के आदेश दिनांक 23.07.2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 12.04.2019 द्वारा बंदी की अपील निर्णीत करते हुए आजीवन कारावास को यथावत रखा गया। मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 22.07.2020 द्वारा आजीवन कारावास को यथावत रखा गया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, रामपुर द्वारा शासनादेश संख्या 1558/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बंदी द्वारा गम्भीर अपराध कारित किया गया था, गम्भीर अपराध कारित करने के उपरान्त भी यदि बंदी को रिहा किया जाता है तो समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने, पुनः अपराध किये जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किये जाने, जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने की आख्या का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी द्वारा पिता को गाली दिये जाने की रंजिश को लेकर दिनांक 14.11.1997 को अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तबल व पिस्टल से गोली मारकर इकबाल हुसैन नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी शब्बू पुत्र श्री बाबू खां को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।